हार्ट केयर
श्री सिद्धि विनायक
अब नियमित सेवाएं मंदसौर में उपलब्ध
हृदय रोगों के उपचार में अंचल का जाना पहचाना नाम
हृदय रोग विशेषज्ञ
डॉ. पवन मेहता
MBBS, M.D. (Medicine) I DM (Cardiology)
Consultant Interventional Cardiology
परामर्श समय -
प्रतिदिन प्रातः 10:00 से सायं 5:00 बजे तक
12, दशपुर कुंज रोड, सिविल हॉस्पिटल के सामने, मंदसौर (म.प्र.) 07422-490333

डाक पंजीयन क्र. L/RNP/म.प्र./मन्दसौर/122/2024-26
ई-पेपर www.guruexpress.live
बात आपकी, शब्द हमारे
# गुरु एक्सप्रेस
सुबह का अख़बार
संपादक – आशुतोष नवाल
वर्ष 18 | अंक 168 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | सोमवार 01 अप्रेल 2024 | मूल्य 2 रुपया

## आम चुनाव: मतदान के पहले दौर की सुबह से एग्जिट पोल पर रोक

### 1 जून की शाम तक रहेंगे बंद, उल्लंघन करने पर 2 साल की सजा होगी

**मंदसौर, 31 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** देश में आम चुनाव के लिए पहले चरण का मतदान शुरू होने के 48 घंटे पहले से एग्जिट पोल और चुनाव परिणाम को लेकर किसी भी तरह का प्रकाशन प्रतिबंधित कर दिया गया है। यह प्रतिबंध एक जून की शाम तक प्रभावी रहेगा। इसका उल्लंघन करने वालों को दो साल की सजा या जुर्माना दोनों तरह की सजा दी जा सकेगी। चुनाव आयोग से जारी किए गए नोटिफिकेशन के बाद मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि आदर्श आचार संहिता के दौरान 19 अप्रैल की सुबह 7 बजे से एक जून की शाम 6:30 बजे तक निर्वाचन के संबंध में किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल का प्रदर्शन नहीं होगा। साथ ही प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में इसके परिणाम का प्रकाशन या प्रचार अथवा किसी भी अन्य तरीके से इसका प्रचार-प्रसार करने पर पूर्णत: प्रतिबंध रहेगा।भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 28 मार्च 2024 को अधिसूचना जारी कर दी गई है। अधिसूचना में स्पष्ट किया गया है कि निर्वाचन के दौरान सभी मतदान क्षेत्रों में मतदान की समाप्ति के लिए नीयत समय पर समाप्त होने वाले 48 घंटों के दौरान किसी भी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में किसी भी ओपिनियन पोल या किसी अन्य मतदान सर्वेक्षण के परिणामों सहित किसी भी प्रकार के निर्वाचन संबंधी मामलों के प्रदर्शन पर भी पूर्णत: प्रतिबंध रहेगा।



### दो साल की सजा का है प्रावधान...

लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 126 क में यह प्रावधानित किया है कि कोई भी व्यक्ति, कोई निर्गम मत सर्वेक्षण नहीं करेगा और किसी निर्गम मत सर्वेक्षण के परिणाम का ऐसी अवधि के दौरान, जो निर्वाचन आयोग द्वारा इस संबंध में अधिसूचित की जाए, प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से प्रकाशन या प्रचार या किसी भी प्रकार की अन्य रीति से प्रसार भी नहीं करेगा। यदि कोई व्यक्ति इस प्रावधान का उल्लंघन करेगा, तो वह ऐसी अवधि के कारावास से, जो दो वर्ष तक की हो सकेगी या जुर्माने से या दोनों से, दंडनीय होगा।

# बिना आवाज किए बढ़ रहे दाम



## रोजमर्रा के काम आने वाली वस्तुएं 20 प्रश तक महंगी

**मंदसौर, 31 मार्च गुरु एक्सप्रेस। एफएमसीजी उत्पादों की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं। बीते एक साल में साबुन, बिस्किट, टूथपेस्ट, हेयर ऑयल सहित अन्य सामान के दामों में 15 से 20 फीसदी की बढ़ोतरी हो चुकी है। कारोबारियों की मानें तो उत्पादन में कच्चे माल के साथ लेबर व दूसरे खर्च बढ़ने का असर इन उत्पादों की कीमतो पर देखने को मिल रहा है। ये तेजी अभी थमेगी नहीं, इसमें आगे भी उठाव देखने को मिल सकता है।**

एफएमसीजी उत्पादों के विक्रेता पवन पोरवाल बताते हैं कि जब-जब नया माल आता है तो पता चलता है कि दामों में बढ़ोतरी हुई है या वजन घटाया गया है। कुछ कंपनियां कीमत बढ़ाने के बजाय मात्रा कम कर रही हैं। चूंकि ये उत्पाद आम आदमी की जरूरत हैं, ऐसे में महंगा होने के बाद भी उन्हें खरीदना पड़ रहा है।

### दाम नहीं बढ़ाए तो वजन कम कर दिया...

बाजार में बने रहने के लिए कुछ एफएमसीजी कंपनियों ने उत्पाद के दामों में बढ़ोतरी नहीं की है। लेकिन, उनके द्वारा बड़ी चतुराई से वजन में कटौती कर दी है। जैसे 10 रुपए कीमत वाला 160 ग्राम का कपड़े धोने का साबुन अब 140 ग्राम का हो गया है। 10 रुपए का 40-42 ग्राम का चिप्स का पैकेट अब 25 ग्राम का रह गया है। 5 रुपए कीमत का 90 ग्राम का बिस्किट का पैकेट अब 55 ग्राम का हो गया है।

**कितने बढ़ गए दाम...**

| उत्पाद | पहले | अब |
|---|---|---|
| नमकीन पैकेट 400 ग्राम | 95 रुपए | 105 रुपए |
| बिस्किट पैकेट 750 ग्राम | 95 रुपए | 110 रुपए |
| हेयर ऑयल 200 ग्राम | 72 रुपए | 85 रुपए |
| टूथपेस्ट 200 ग्राम | 95 रुपए | 110 रुपए |
| वॉशिंग पाउडर 500 ग्राम | 65 रुपए | 72 रुपए |
| नहाने का साबुन 100 ग्राम | 20 रुपए | 25 रुपए |
| नूडल्स पैकेट 65 ग्राम | 12 रुपए | 14 रुपए |
| नूडल्स 6 पीस पैकेट | 72 रुपए | 84 रुपए |

## साढ़े छह किलो अफीम के साथ युवक को दबोचा

**भानपुरा, 31 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** पुलिस ने साढ़े छह किलो अफीम के साथ एक आरोपी को दबोचा है। वह अफीम कहां से लाया था और कहां देने जा रहा था, इस संबंध में पूछताछ की जा रही है।

भानपुरा टीआई रोहित कछावा ने बताया मुखबीर सूचना पर टीम ने ग्राम कैथुली के बाहर भीमपुरा रोड पर कार्रवाई की। कैथुली गांव के ही रामचंद्र पिता अमरलाल गुर्जर उम्र 34 साल के पास से काला गाढ़े रंग का पदार्थ मिला। इसकी पुष्टि अफीम के तौर पर हुई। तौल कराने पर वजन 6 किलो 500 ग्राम निकला। आरोपी के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/18 के तहत प्रकरण दर्ज किया। उसका मोबाइल भी पुलिस ने जब्ती में लिया है।

### 200 ग्राम स्मैक के साथ एक को पकड़ा...

भानपुरा थाने की भैसोदा चौकी पुलिस ने मुखबीर सूचना पर दूधाखेड़ी माताजी मंदिर भानपुरा पार्किंग क्षेत्र से एक व्यक्ति को पकड़ा। यहां बिना नंबर की बाइक सवार को घेराबंदी कर रोका। आरोपी की पुष्टि प्रतापसिंह पिता धूलसिह सौंधिया निवासी खेड़ादेवीसिंह थाना शामगढ़ के तौर पर हुई। तलाशी में उसके पास से 200 ग्राम स्मैक मिली। पुलिस ने एनडीपीएस की धारा 8/21 के तहत प्रकरण दर्ज कर स्मैक व बाइक जब्ती में ली। मादक पदार्थ के स्त्रोत के संबंध में आरोपी से पूछताछ की जा रही है।


### तीन दिन के रिमांड पर आरोपी...

मामले में पुलिस ने आरोपी प्रतापसिंह पिता धूलसिह सौंधिया निवासी खेड़ादेवीसिंह थाना शामगढ़ को न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे तीन दिन के लिए पुलिस रिमांड पर सौंपा गया। पुलिस उसे आज 1 अप्रैल को न्यायालय में पेश करेगी।

# दूर नहीं हुई कमियां, आज से बढ़ गया टोल टेक्स

**[ मंदसौर-सीतामऊ टोल नाके पर आज से लगेगा ज्यादा टोल ]**

**मंदसौर, 31 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** आज एक अप्रैल से प्रदेश के 6 स्टेट और 4 नेशनल हाईवे पर 1 से 7.5 प्रतिशत तक अधिक टोल टैक्स चुकाना होगा। एमपी रोड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (एमपीआरडीसी) ने टोल टैक्स की नई दरें जारी कर दी हैं। महत्वपूर्ण बात यह है कि इसमें मंदसौर-सीतामऊ मार्ग पर मौजूद टोल पर भी राशि बढ़ाई गई है। जबकि, व्यवस्थाओं को लेकर हमेशा इस रोड़ पर कमियों को लेकर कई सवाल खड़े होते आए है। सबसे अधिक दुर्घटनाएं भी इसी मार्ग पर होती है। बता दे कि जिन स्टेट हाईवे पर टोल टैक्स बढा है, उनमें



मटकुली-तामिया-छिंदवाड़ा मार्ग, जावरा-नयागांव, चांदपुर-आलीराजपुर और मंदसौर-सीतामऊ मार्ग शामिल हैं। इसमें मनगवां से एमपी-यूपी बॉर्डर, ब्यावरा एमपी-राजस्थान बॉर्डर, ग्वालियर-भिंड एमपी-यूपी बॉर्डर जैसे नेशनल हाईवे भी शामिल हैं।

### टोल टेक्स बढ़ाने का यह है कारण...

नेशनल हाईवे में होलसेल प्राइस इंडेक्स (थोक मूल्य सूचकांक) के आधार पर टोल टेक्स के रेट बढ़ाए जाते हैं। दूसरी ओर स्टेट हाईवे के मार्ग जो एमपीआरडीसी की देखरेख में संचालित हैं, उनके निर्माण के दौरान समय-समय पर टोल टैक्स रेट में वृद्धि का प्रस्ताव था। ये सड़के जब बीओटी में बनाई गई थी, तभी यह शर्त तय की गई थी कि हर साल एक अप्रैल से टोल रेट में वृद्धि की जाएगी।

### यह मिली थी कमियां...

करीब 2 साल पहले दिसंबर माह में हुए सर्वे में कमियां सामने आई थी। सर्वे में मंदसौर से भानपुरा मार्ग तक लोक निर्माण विभाग, मध्यप्रदेश स्टेट रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन, यातायात थाना और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की संयुक्त टीम ने मंदसौर-सीतामऊ-सुवासरा -शामगढ़- गरोठ-भानपुरा मार्ग पर दुर्घटनाओं में कमी के लिए संयुक्त सर्वे किया था। टीम ने जनवरी 2021 से दिसंबर 2021 तक हुई गंभीर सड़क दुर्घटनाओं में दुर्घटना स्थल को देखा। जिसमें कई कमियां सामने आई। मंदसौर सीतामऊ के 32 किमी रोड की बात करें तो यहां सुधार के नाम पर औपचारिकता निभाई गई। झाड़ियो की कटाई सहित कुछ कार्य जरुर किए। लेकिन, सड़क हादसों के आंकड़ों को उस हिसाब से कम नहीं किया जा सका।

### सालों से वसूला जा रहा टोल टेक्स...

मंदसौर-सीतामऊ वाले 28 किमी के हिस्से में भी कई जगह सड़क का अलाइनमेंट ठीक नहीं है। जबकि, इस मार्ग का भी लगभग 14 सालों से पूरा टोल वसूला जा रहा है। मार्ग पर अंधे मोड़ भी ठीक नहीं किए गए हैं तो इस मार्ग से जुड़े गांवों के लिए जा रहे रास्तों पर भी कोई संकेतक या स्पीड ब्रेकर नहीं होने से भी दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं। गांव के रास्तों से निकलकर दुपहिया वाहन चालक तेज गति से मुख्ये मार्गो पर आ रहे हैं। जिससे कई वाहन चालक दुर्घटनाग्रस्त भी हो रहे हैं।

### दोपहिया वाहनों के लिए नहीं है अलग लाईन...

सीतामऊ-मंदसौर मार्ग को टूलेन के बजाय एक बड़ा वाहन व एक छोटा वाहन क्रास हो जाए इस तरह से बनाया गया है। इसके अलावा इस पूरे मार्ग पर दोपहिया वाहन चालकों के लिए सफेद लाइन नहीं की गई है। इसके चलते अक्सर वाहन चालक दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। बता दें कि मंदसौर-सीतामऊमार्ग पर ग्राम डिगांव से मंदसौर के बीच सबसे ज्यादा दुपहिया वाहन चलते हैं। डिगांव में ही एक रास्ता कयामपुर, नाहरगढ से आकर मिलता है। इस मार्ग पर सैकड़ो गांव हैं, जहां के लोगों का आवागमन का प्रमुख साधन ही दुपहिया वाहन है। इस मार्ग पर कई बड़े-बड़े एक्सीडेंट भी हो रहे हैं। लेकिन, जिम्मेदारो का इस ओर ध्यान नहीं है।

## आठ जुआरियों से जप्त किए 19 हजार से ज्यादा रुपए

**गरोठ, 31 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** पुलिस ने जुआ खेलते 8 लोगों से 19 हजार 500 रुपए जब्त किए। यह सभी अमरवास बालाजी परिसर के पास हार-जीत का दांव लगा रहे थे।

गरोठ पुलिस के अनुसार पकड़े गए आरोपियों में गोपाल पिता रामेश्वर खाती रामपुरा दरवाजा, नमोनारायण पिता रघुवीर परमार निवासी मेघवाल मोहल्ला, परवेज पिता रसूल रंगरेज सदर बाजार, संदीप पिता श्यामलाल खाती, कमलेश पिता कारूलाल पाटीदार कुंडालिया चरणदास, दिलीप पिता भेरूलाल पोरवाल निवासी भानपुरा रोड गरोठ, कृष्णकांत उर्फ लाल पिता मोहनलाल खाती निवासी बोलिया रोड गरोठ, आकाश पिता दशरथसिंह चौहान निवासी गांधी चौक गरोठ शामिल हैं। आरोपियो के कब्जे से 52 ताशपत्ते व 19 हजार 500 रुपए जब्ती में लिए गए। सभी आरोपियों के विरूद्ध 4 क द्युत विधान का प्रकरण दर्ज किया गया।



**वाहन चैकिंग** – लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मंदसौर नयाखेड़ा हाईवे पर वाहन चेकिंग की गई।

## धूमधाम से मना शीतला सप्तमी का पर्व, आज भी होगा पूजन


### माता शीतला की पूजा अर्चना कर मांगा सुख-समृद्धि का आशीर्वाद

**मंदसौर, 31 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** शहर सहित अंचल में शीतला सप्तमी का पर्व रविवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। आज सोमवार को भी शीतला माता की पूजा की जाएगी, तिथियों में परिवर्तन होने से यह त्योहार दो दिन मनाया जा रहा है। इसके साथ ही सोमवार को खिड़की माताजी में मेला भी लगेगा। शीतला सप्तमी के पर्व पर महिलाओं द्वारा बासोड़ा तैयार कर शीतला माता की पूजा अर्चना की गई। शाम तक महिलाओं ने पूजा अर्चना कर बसोड़े का भोग लगाया और सुख समृद्धि की कामना की।



बता दे कि होली के बाद सप्तमी को शीतला माता की पूजा की जाती है। इस दिन पूरा परिवार ठंडे भोजन यानी बासी भोजन ही ग्रहण करता है। महिलाएं एक दिन पहले ही अगले दिन के लिए भोजन तैयार कर देती है। सप्तमी को शीतला माता की पूजा अर्चना की जाती है। शीतला माता के लिए विशेष मीठे ढोकले, दही, चावल का भोग लगाया जाता है। आज मंदसौर शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं ने माता शीतला की पूजा अर्चना की और बच्चों के उत्तम स्वास्थ्य के साथ सुख समृद्धि की कामना की।





**खिड़की माता मेला–** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी खिड़की माताजी मंदिर में मेला शुरु हो गया है। हालाकि, इस वर्ष आचार संहिता के चलते ज्यादा प्रचार प्रसार नहीं हुआ। बता दे कि इस वर्ष दो दिन तक शीतला सप्तमी मनाई जा रही है। रविवार के साथ ही सोमवार को भी बड़ी संख्या में महिलाएं शीतला माता का पूजन करेगी। रविवार को भी कई महिलाओ ने शीतला माता का पूजन का ठंडा भोजन ग्रहण किया।

# भाजपा प्रत्याशी ने मुख्यालय का एक दौर निपटा दिया, जबकि कांग्रेस प्रत्याशी को गति बढ़ाने के प्रयास करने होंगे...

**मंदसौर/उज्जैन, 31 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी दिलीप गुर्जर के नाम की घोषणा के बाद से ही जिला कांग्रेस पदाधिकारीयों ने आपस में कुछ ने उत्साह का तापमान लिख सार्वजनिक किया तो किसी ने बढ़ते उत्साही तापमान पर ठंडा पानी डालकर उत्साह को ही ठंडा कर दिया। इस बीच दिलीप गुर्जर ने एक दिवसीय यात्रा मंदसौर में अपनों को देखने मिलने के लिए कर डाली, शाम होने से पहले ही उत्साह ढल गया। हालांकि, रविवार को वे नीमच भी गए और वहां रैली के रूप में पहुंचकर शक्ति प्रदर्शन किया। इधर भाजपा प्रत्याशी सुधीर गुप्ता के चुनावी दौरे भी संगठन के अनुसार तय हो रहे हैं और संयमित तापमान के साथ वार्ड से लेकर ब्लॉक और जिला स्तर के पदाधिकारी के साथ बैठक और व्यक्तिगत मुलाकातों का पहला दौर अंतिम चरण तक पहुंच गया है।

भाजपा संगठन की विशेषता के चलते पूरी लोकसभा चुनाव के प्रबंधन और प्रचार के लिए टीम बनाकर दायित्व भी सौंप दिया गया है। बस प्रत्याशी सुधीर गुप्ता को अपनी टीम के साथ सिर्फ जनसंपर्क की योजना को अंजाम देना है। दिलीप गुर्जर अगर 6 बार विधानसभा चुनाव लड़ने का अनुभव रखते हैं तो सुधीर गुप्ता तीसरी बार लोकसभा चुनाव के लिए अपने अनुभवों के साथ मैदान में है। यह उल्लेख भी आवश्यक है कि एक लोकसभा छेत्र में सात से आठ विधान सभा क्षेत्र होते है।



चन्द्रमोहन भगत

चुनावी समीक्षाओ में इस प्रतिनिधि ने हर बार प्राथमिकता से चिन्हित किया है कि देश के सभी राजनीतिक दलों में आज भी सबसे अधिक अनुशासित कार्यकर्ता भाजपा के होते हैं। फिर चाहे वह मंत्री मुख्यमंत्री पद पर रहा हो, दूसरी तरफ सबसे बड़ा, सबसे पुराना विपक्षी दल कांग्रेस है, उसका अपना सांगठनिक ढांचा है। यहां अनुशासन के पालन के लिए नियम तो है पर मानने वालों में शीर्ष से लेकर जमीनी कार्यकर्ता भी तैयार नहीं होते है। इसके अनेक उदाहरण है। यूपीए सरकार के समय तब के कांग्रेस के कहने को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राहुल गांधी थे। किन्तु, हैसियत तानाशाह मालिक से कम नहीं थी। अपनी ही सरकार का पास किया हुआ अध्यादेश सार्वजनिक प्रेस वार्ता में फाड़ दिया था। संगठन और सरकार में से कोई चूं तक नहीं बोला था। बोलते तो शायद आज कांग्रेस का सुधरा हुआ संगठन और संसद में विपक्ष का नेता नजर आता? खैर मुद्दा स्थानीय लोकसभा चुनाव में दोनों दलों के लड़ने के तरीके और संगठन पदाधिकारी के अनुशासन का सतह पर बना हुआ है। दिलीप गुर्जर की पहले ही दौरे में नगरवासी पदाधिकारी से परिचय यात्रा के दौरान ही नजर आया कि मंदसौर कांग्रेस के पदाधिकारी जिनकी जिम्मे ये यात्रा थी, अपने ही कार्यकर्ताओं से भेदभाव करते रहे। चर्चा थी कि किसी महिला पदाधिकारी से कार्यक्रम का संचालन करवाना तय हुआ था, पर ऐसा हो नहीं पाया। दिन के सार्वजनिक कार्यक्रम के बाद नगर कांग्रेस के 16 वरिष्ठ पदाधिकारी के घर दिलीप गुर्जर को मिलवाने ले जाना था। इस पूरे कार्यक्रम में सोमिल नाहटा को साथ रखना तय हुआ था। ऐसा भी हो नहीं पाया था, या जिस गैंग ने घेर लिया था होने नहीं दिया!

रमेश बिजवानी से मिलने की शुरुआत हुई और रफत पजामी के बाद ट्रैक बदल गया। नंबरवार को नजरअंदाज कर सीधे विक्रम विद्यार्थी के घर से लक्ष्मण मेघनानी के घर ले जाया गया। सीरियल वार दर्शाए गए नाम को नजर अंदाज कर अपने करीबियों के घर पहले ले जाया गया। 16 कांग्रेसियों की सूची नंबरवार सुनील बसेर के हवाले सूचनार्थ थी। खुद भी साथ में थे, फिर भी किसी की आइस्क्रीम गल गई गुर्जर के इंतजार में तो किसी के बुलाए समर्थक वापस चले गए थे। इस घटना के बाद जब अपनों को महत्व देना, अन्य को नजरअंदाज करना उजागर हुआ तो उसी रात से दूसरे दिन अपने-अपने विचार और आरोप प्रत्यारोप का दौर प्रभावितों के बीच दिनभर सोशल मीडिया पर चलता रहा था। बात यहीं नहीं ठहरी, इस जानकारी को नागदा और भोपाल कार्यालय ने भी मंगा लिया है। किसी ने स्क्रीनशॉट भेजा तो किसी ने दिनभर के मैसेज भेज दिए।

स्थानीय वरिष्ठ कांग्रेसी ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि संगठन पदाधिकारी पर अंकुश न रखने के कारण ऐसा हो गया है, आगे से ध्यान रखा जाएगा। इस घटनाक्रम से प्रत्याशी दिलीप गुर्जर पूरी तरह अनजान है, उनका कोई लेना देना नही है। अब जनमत ही बताएं कि कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी लोकप्रिय बेहतर कार्यप्रणाली और व्यवहार रखने वाले हो तब भी क्या अनुशासनहीन पदाधिकारी उन्हें लोकसभा चुनाव निश्चिंतता से लड़ने देंगे!

## दच्छा पूजन 4 को

**मंदसौर, 31 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी चैत्र विदी दच्छा पूजन दिनांक 4 अप्रैल 2024, गुरुवार को प्रातः 6 बजे से शाम 6 बजे तक कालका माता रोड महादेव चबूतरा पर तथा ब्रह्मेश्वर घाट पशुपतिनाथ मंदिर के पास एवं गौतम बिहार कॉलोनी गौतमेश्वर महादेव मंदिर पर पीपल पूजन एवं नल राजा दमयन्ती रानी की कथा सुनाई जावेगी। तथा 10 तार 10 गठन का डोरा भी दिया जायेगा जो घर की दशा को सुधारने के लिये रहेगा। माताओं-बहनों के लिये बैठने की व्यवस्था रहेगी। कथा वाचन पंडित श्रीधर व्यास सुनाऐंगे।



# पूर्व सैनिक परिवार का होली मिलन समारोह सम्पन्न

## 300 पूर्व सैनिक परिवारों ने लिया भाग

**मंदसौर, 31 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद मंदसौर के मल्हारगढ़ तहसील द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह संगठन उपाध्यक्ष ईश्वरलाल पाटीदार के होटल पटेल सा. (बही पार्श्वनाथ) में संपन्न हुआ जिसमें जिले भर के 300 के लगभग पूर्व सैनिक सैनिक परिवार, वीर नारियां सम्मिलित हुए। मुख्य द्वार पर ढोल नगाडे के साथ पुष्प वर्षा व गुलाल लगाकर किया स्वागत हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्वलित व पुष्पमाला चढाकर किया गया। मुख्य अतिथि शहीदों के परिवार वीर नारियां संगठन के मार्गदर्शक रहे। संगठन जिला अध्यक्ष मुकेश गुर्जर पालड़ी ने पूर्व सैनिकों परिवार बच्चो को मिलने वाली सुविधाओ के बारे में विस्तृत जानकारी दी। स्वागत भाषण जिला सचिव भगवतसिंह सिसोदिया ने देते हुए सफल आयोजन की सराहना करी। संगठन के कोषाध्यक्ष दशरथसिंह चौहान ने सभी वक्ताओं की तरफ से बोलते हुए कहा मंदसौर जिला का पूर्व सैनिक संगठन भारत का सबसे मजबूत संगठन है संगठन से ही शक्ति है। इस ऐतिहासिक होली मिलन समारोह की सराहना करते हुए सभी को होली की बधाई शुभकामनाएं प्रेषित करी। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए बच्चों वह कपल के नींबू रेस,चेयर रेस, कपल बलून रेस व अन्य प्रतियोगिता करवाई गई जीतने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर खिलाड़ियों को मनोबल बढ़ाया गया। कार्यक्रम का संचालन अर्चना नरेंद्र खटवड़ ने किया एवं आभार पूर्व सैनिक रूपचंद महावर ने माना। इसके पश्चात सभी के साथ में सहभोज व भारत माता के जयघोष के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ होली मिलन समारोह में लगभग 300 से ज्यादा सैनिक परिवार सम्मिलित हुआ।

## अमजद खान सुवासरा जिला वक्फ कमेटी मंदसौर के अध्यक्ष नियुक्त



**मंदसौर, 31 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** मध्यप्रदेश वक्फ बोर्ड भोपाल द्वारा प्रदेश चेयरमैन सनावर पटेल के निर्देशानुसार जिला वक्फ कमेटी के गठन के आदेश जारी किये गये है। जिसके तहत जिला वक्फ बोर्ड मंदसौर के जिलाध्यक्ष के पद पर अमजद खान पिता नूर मोहम्मद निवासी सुवासरा जिला मंदसौर को नियुक्त किया गया है।

अमजद खान के जिलाध्यक्ष बनने पर शाकिर हुसैन गढवी, अजीजुल्लाह खान एडवोकेट, आबिद भाई मछली वाले, हारून कुरेशी, जुल्फिकार शाह, शकील नुरानी, शानु भाई, मेहफूज भाई, फिरोज भाई, नासीर भाई दड़वाल, शाहरूख भाई, शोकत शाह आदि ने मुबारक बाद दी है एवं प्रदेश चेयरमेन सनावर पटेल का आभार व्यक्त किया है।

# प्रदेश में बनाये 356 सहायक मतदान केंद्र

**मंदसौर, 31 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया है कि मतदाताओं की सुविधा के लिए प्रदेश के जिन मतदान केंद्रों में मतदाताओं की संख्या 1500 से अधिक है, वहां पर सहायक मतदान केंद्र स्थापित किये गये हैं। भारत निर्वाचन आयोग की अनुमति से प्रदेश में कुल 356 सहायक मतदान केंद्र बनाये गये हैं।

प्रदेश के विधानसभा क्षेत्र जौरा, भितरवार, चंदेरी, खुरई, सागर, राजनगर, धौहनी, मुडवारा, जबलपुर कैंट, सिहोरा, सिवनी, सौंसर, विदिशा, बासौदा, शमशाबाद, इच्छावर, सीहोर, ब्यावरा, शाजापुर, भगवानपुरा, इंदौर-3, रतलाम सिटी, जावरा और सुवासरा में एक-एक सहायक मतदान केंद्र बनाये गये हैं। इसी तरह विधानसभा क्षेत्र ग्वालियर पूर्व, छतरपुर, सिंगरौली, गाडरवारा, देवास, खरगौन, सेंधवा, झाबुआ और नागदा-खाचरौद में दो-दो सहायक मतदान केंद्र स्थापित किये गये हैं। विधानसभा क्षेत्र ग्वालियर ग्रामीण, राघौगढ, भोपाल दक्षिण-पश्चिम, मंदसौर में तीन-तीन और गुना-छिंदवाड़ा, भोपाल मध्य, बड़वाह व इंदौर-4 में चार-चार, ग्वालियर, ग्वालियर दक्षिण, डबरा एवं बैरसिया में पांच-पांच सहायक मतदान केंद्र बनाये गये हैं। विधानसभा क्षेत्र जबलपुर पूर्व में सात, नरेला व देपालपुर में आठ-आठ, उज्जैन दक्षिण व उज्जैन उत्तर में नौ-नौ, इंदौर-1 में 18, इंदौर-2 में 18, सांवेर में 19, डॉ. अम्बेडकर नगर (महू) में 20, हुजूर में 29, इंदौर-5 में 50 और विधानसभा क्षेत्र राऊ में 53 सहायक मतदान केंद्र बनाये गये हैं।




## श्री जागेश्वर महादेव मंदिर में मनाया रंगारंग संगीतमय फाग महोत्सव

**मंदसौर, 31 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** नगर के नीम चौक स्थित प्राचीनतम चमत्कारी शिवालय श्री जागेश्वर महादेव शिवालय में प्रतिवर्षानुसार रंगपंचमी पर संगीतमय रंगारंग फाग महोत्सव मनाया गया। प्रातः 11 बजे से प्रारंभ शाम को 5.30 बजे तक जारी फाग महोत्सव में संगीत कलाकारों द्वारा वृन्दावन-मथुरा ब्रज में होरी के अवसर पर गाये जाने वाले होरी रसिया गीतों की मधुर धुनों पर भक्त थिरकते रहे। सूखा रंग गुलाल से फाग प्रेमियों ने भगवान जागेश्वर के साथ होली खेली। दिन भर भक्तों ने भंग ठण्डाई प्रसाद का खूब छककर आनन्द उठाया।

पतंजलि योग गुरु बंशीलाल टांक, दिलीप चौहान, संजय सोनी, विक्रम सोनी, भगवान जागेश्वर का विशेष पर्वो पर संगीत फुहारों से भगवान जागेश्वर का अभिषेक करने वाले गंधर्व परिवार के वरिष्ठ वायलीन वादक राजेन्द्र गंधर्व, संतोष गंधर्व, निलेश गंधर्व, केशव गंधर्व आदि ने रसिया-होरी गीत सुनाये। तबला संगत प्रसिद्ध तबला वादक भगवतीलाल गंधर्व के सुपुत्र उस्ताद संतोष गंधर्व ने की, ढोलक पर संगत संतोष गंधर्व ने की पुजारी भगवतीगिर गोस्वामी, संजय सोनी बीडवाल वाले, प्रकाश सोनी, दिनेश सोनी, गोविन्द खत्री, रमेश खत्री, ओम सोनी, नवीन सोनी, श्यामलाल भावसार, रमेशचन्द्र व्यास आदि उपस्थित रहे।

# राकोंदा सेवा समिति के तत्वाधान में नि:शुल्क नेत्र एवं दंत रोग निदान शिविर सम्पन्न

**मंदसौर, 31 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** राकोंदा सेवा समिति के तत्वाधान मे रविवार को सर्वजन हिताय को लेकर ग्रामीणों के सहयोग से पाटीदार धर्मशाला मे नि:शुल्क नेत्र एवं दंत रोग निदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर मे विक्रांत आई हॉस्पीटल मंदसौर के नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ.विक्रांत भावसार एवं अर्जून डेंटल क्लीनिक मंदसौर के दंत रोग विशेषज्ञ डॉ.कमलेश पमनानी ने रोगीयों की जांच की गई। राकोंदा सेवा समिति द्वारा आयोजित रोग निदान शिविर मे लगभग 200 से अधिक व्यक्तियों की जांच उपरान्त नि:शुल्क दवाईयां वितरीत की गई। शिविर मे अतिथी सामामजिक कार्यक्रता विपीन संघवी ने ग्रामीणों को रोग निदान मे लाभ लेने के साथ ही विभीन्न बिमारीयों से बचाव के लिए समय समय पर नजदिकी शासकिय हास्पीटल मे परामर्श लेने की सलाह दी गई। विधीक सेवा पेंरालिगल वालेंटीयर दुर्गश चंदेल ने कहा की रोगीयों को अगर कोई भी बड़ी बिमारी हो तो शासन स्तर पर संचालित आयुष्मान भारत योजना का लाभ लेना चाहिए ताकी मरीज को समय पर उचित उपचार मिल सके। इस अवसर पर राकोंदा सेवा समिति के वरिष्ठ भगतराम पाटीदार, जुझारलाल पाटीदार, बालमुकंद पाटीदार, रमेंश पाटीदार,



महेश व्यास, दयाराम पाटीदार, गेंदालाल पाटीदार, राजेश पाटीदार आदी मौजुद थें। कार्यक्रम का संचालन योगेश जोशी ने किया आभार मुलचंद पाटीदार ने माना।

## कंट्रोल रूम स्थापित

**मंदसौर, 31 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** लोकसभा निर्वाचन 2024 से संबंधित शिकायतों के लिए कार्यालय कलेक्टर भवन जिला मंदसौर के कक्ष क्रमांक 113 में जिला स्तरीय कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है। कंट्रोल रूम का स्थानीय न. 07422- 235440, 235425 है। इसके अतिरिक्त राज्य स्तरीय हेल्पलाइन न. 1950 पर भी संपर्क कर निर्वाचन संबंधी जानकारी ले सकते है, एवं शिकायत भी कर सकते है।

## एकीकृत शासकीय हाईस्कूल बिलांत्री का कक्षा 9वीं परीक्षा परिणाम 90.7प्रश रहा

**मंदसौर, 31 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** एकीकृत शासकीय हाईस्कूल बिलांत्री का कक्षा 9वीं का परीक्षा परिणाम 90.7 प्रतिशत रहा। विषयवार परीक्षा परिणाम हिन्दी 100 प्रतिशत, अंग्रेजी 84 प्रतिशत, संस्कृत 95.35 प्रतिशत, गणित 97.67 प्रतिशत, विज्ञान 95.35 प्रतिशत एवं सामाजिक विज्ञान 93.02 प्रतिशत रहा।

शाला के प्राचार्य जयेश नागर की शाला की प्रावीण्य सूची में प्रथम सुहानी श्यामदास 88 प्रतिशत, द्वितीय मुस्कान बाबरूलाल 87.60 प्रतिशत, तृतीय ममता बापूलाल गुर्जर 86.25 प्रतिशत रही। कुल 21 बालक 24 बालिका दर्ज में से 20 बालक 23 बालिका कुल 43 परीक्षा में सम्मिलित हुए जिसमें से 85 बालक-बालिका प्रथम श्रेणी में, 4 द्वितीय श्रेणी में व 2 को पूरक की पात्रता एवं 2 बालक/बालिका अनुत्तीर्ण रहे। शाला के प्राचार्य जयेश नागर ने उत्कृष्टपरिणाम हेतु छात्र-छात्राओं, अभिभावक बंधुओं एवं विषयाध्यापक सर्व श्रीमती वंदना यादव, श्रीमती रेणुबाला जैन, श्रीमती कुसुम पाण्डे, श्री कमलेश शर्मा, श्रीमती तृप्ति तोमर, श्री ओमप्रकाश सूर्यवंशी, प्रयोगशाला सहायक श्री भारतलाल गौड़, श्री राधेश्याम यादव, श्री मांगीलाल गुप्ता, श्री ओमप्रकाश सोनी ने सभी बच्चों को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है। संस्था प्राचार्य श्री नागर ने बताया कि दिनांक 1 अप्रैल 2024 से विद्यालय आरंभ होगा, प्रथम दिवस प्रवेशोत्सव मनाया जावेगा।

## वरिष्ठ कांग्रेस नेता रिसालदार का निधन



**मंदसौर, 31 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** जिला कांग्रेस के महामंत्री एवं नगर पालिका में पूर्व पार्षद श्री मोहम्मद हुसैन रिसालदार का निधन हो गया। वह कुछ समय से बीमार चल रहे थे। कांग्रेस पार्टी में लंबे समय से सक्रिय रहकर पार्टी के प्रति समर्पित भाव से कार्य करते रहे। मदारपुरा स्थित कब्रिस्तान में उन्हें दफनाया गया। उनके जनाजे में बड़ी संख्या में शहर के नागरिकों के साथ-साथ स्नेही जनों परिवारजनों ने सम्मिलित होकर नम आंखों से उन्हें विदाई दी। जिला कांग्रेस कमेटी एवं शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की ओर से विधायक श्री विपिन जैन,पूर्व विधायक श्री नवकृष्ण पाटिल शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष डॉ राघवेंद्रसिंह तोमर,पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मोहम्मद हनीफ शेख,जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष कांतिलाल राठौड़ सहित कांग्रेसजनों ने कांग्रेस पार्टी का ध्वज उन्हें भेंट कर अंतिम विदाई दी एवं उनके असमय निधन को अपूरणीय क्षति बताया। श्री रिसालदार के निधन पर कांग्रेस लोकसभा प्रत्याशी श्री दिलीपसिंह गुर्जर ने गहरा दु:ख व्यक्त करते हुए अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त की है।

## ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर रहेगा प्रतिबंध

**मंदसौर, 31 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** लोकसभा निर्वाचन 2024 अवधि के दौरान कोलाहल पर नियंत्रण बनाए रखना लोकहित में आवश्यक है। इस संबंध में मध्यप्रदेश कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 की धारा 10 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिलीप कुमार यादव ने जिला मंदसौर की परिधि में निर्वाचन सम्परन्नी होने तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग के संबंध में प्रतिबंधात्मक आदेश पारित किया है। निर्वाचन अवधि के दौरान ध्वनि विस्तार यंत्रों का उपयोग प्रतिबंधित रहेगा। निर्वाचन प्रचार के समय ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग करने के लिए विधिवत अनुमति संबंधित अनुविभागीय दंडाधिकारी/कार्यपालक दंडाधिकारी से लेना होगी। सर्वोच्च न्यायालय निर्णित रिट पिटिशन (सिविल) क्रमांक 72/98 में ध्वनि प्रदूषण के नियंत्रण के संबंध में पारित आदेश दिनांक 18 जुलाई 2005 का पालन सुनिश्चित किया जाना होगा। ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग हेतु ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में सुबह 6 से रात्रि 10 बजे तक की अवधि के लिए ही अनुमति प्रदान की जाएगी। अनुमति जारी करता अधिकारी, शासन द्वारा जारी किए गए दिशा-निर्देशों के अधीन स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार अनुमति देने या निरस्त करने के लिए सक्षम होंगे।

## आचार संहिता के दौरान जनसुनवाई स्थगित रहेगी

**मंदसौर, 31 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिलीप कुमार यादव द्वारा बताया कि लोकसभा निर्वाचन 2024 की आदर्श आचार संहिता अवधि के दौरान जनसुनवाई कार्यक्रम स्थगित रहेगा।

## मतदान केंद्रों में तेज गर्मी से बचाव के लिए करें समुचित प्रबंध

**मंदसौर, 31 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने सभी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देशित किया है कि सभी मतदान केंद्रों में तेज गर्मी (लू) से बचाव के समुचित प्रबंध करें। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों में मतदाताओं के लिए शुद्ध पेयजल और बैठने के लिए पर्याप्त कुर्सियों व बेंच की व्यवस्था भी करें। श्री राजन ने मतदान केंद्रों में मतदाताओं को धूप से बचाने के लिए शेड लगाने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा है कि हर मतदान केंद्र में मेडिकल किट भी अवश्य रखें। इस मेडिकल किट में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से चर्चा कर ग्रीष्मकाल में उपयोगी सभी जरूरी दवाइयां उपलब्ध करायें। सभी मतदान दलों के पास ओआरएस पैकेट और तेज गर्मी से बचाव के लिए 'क्या करें, क्या नहीं करें' का पर्चा भी होना चाहिए।



## विधि महाविद्यालय की न्यास बैठक सम्पन्न

**मंदसौर, 31 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** श्री जवाहरलाल नेहरू विधि महाविद्यालय मंदसौर में न्यास बैठक का आयोजन किया गया।इस बैठक में राज्यसभा सांसद श्री बंसीलाल गुर्जर, नगरपालिका परिषद मंदसौर अध्यक्ष एवं पदेन ट्रस्ट अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर, ट्रस्ट सचिव रघुवीर सिंह चुंडावत, ट्रस्टी सुखलाल पाटीदार ,गोपाल कृष्ण पाटिल, क्षितिज पुरोहित, पुखराज दशोरा उपस्थित रहे। बैठक में महाविद्यालय संबंधी विभिन्न बिंदुओं पर विचार किया गया।

# स्कूल चल रे..!

**मंदसौर, 31 मार्च गुरु एक्सप्रेस। कक्षा छठी में पढ़ने वाला खेमचंद तीन माह से निरंतर अनुपस्थित था यह देख उसकी कक्षा के शिक्षक ने उसके घर जाकर उसके पिता से खेमचंद को स्कूल भेजने का निवेदन किया। उसके पिता ने कहा, ' मैं तो इसको स्कूल भेजना चाहता हूं पर वह मानता ही नहीं उसकी मां के साथ बकरियां चराने चला जाता है। कभी इधर - उधर फालतू छोरों के संग घूमता रहता है , वह देखो वहां छोटे बच्चों के साथ खेल रहा है। '**

मास्टर जी ने कहा, ' चलो चलकर समझाते हैं।' खेमचंद के पिता ने घर में टंगे धूल जमे उसके बस्ते को झाड़कर साथ ले मास्टर जी के साथ उसे समझाने चल पड़े। मास्टर जी ने स्नेह से उसके सिर पर हाथ फेरते हुए कहा , ' बेटा खेमचंद स्कूल आया करो तो अच्छा रहेगा, स्कूल में अच्छा खाना मिलेगा , ड्रेस मिलेगी, साइकिल मिलेगी, किताबें भी मिलेगी।

' खेमू ने मास्टर जी की बात की ओर कोई ध्यान नहीं दिया तो उसके पिता ने उसकी वहां पकड़ कर उसे उठाया बस्ते को उसके कंधे में फंसाया और स्कूल की ओर चल पड़े। मिडिल स्कूल गांव से लगभग दो किलोमीटर दूर पास के गांव में था। खेमचंद अनमना सा हो भारी कदमों से चलने लगा।



थोड़ा चलने के बाद उसके पिता से अपना हाथ छुड़ा भाग कर रास्ते के पास वाले कुएं की मुंडेर पर जाकर खड़ा हो गया और जोर से चिल्लाया, ' मने स्कूल मोकलोगा तो कूड़ा में कूदी जउंगा।' ( मुझे स्कूल भेजेगो तो कुएं में कूद जाऊंगा) मास्टर जी एकदम घबरा गए उनके कदम एकदम वहीं रुक गए। उससे बोले, ' नहीं ले जाएंगे स्कूल कुए से दूर हटोऔर घर चले जाओ। ' उसका पिता भी घबरा गया उसे लेकर वापस घर लौट गया।मास्टर जी आर टी आई कानून के बारे में सोचते हुए य स्कूल लौट। मनही मन सोचने लगे कुछ न कुछ तो करना पड़ेगा ताकि वह खुद ही पढ़ने के प्रति आकर्षित हो। दूसरे दिन खेमचंद ने देखा उसके घर पर सचित्र किताबें , रंगीन पेंसिल, ड्राइंग बाक्स व चित्रों की किताबें ,खेल का सामान पड़ा लिखने के लिए अलग से कापियां पड़ी थी । खेमचंद उन्हें उलट-पलटकर ध्यान से देखने लगा। वह शायद यह भी सोच रहा हो वह स्कूल नहीं गया पर स्कूल तो उसके घर आ गया।

**भगवती प्रसाद गेहलोत, पिपलियामंडी**

### शीतला सप्तमी पर्व 1 अप्रैल 2024, सोमवार के उपलक्ष्य में विशेष...

# अपरम्पार है चमत्कारिक खिड़की माताजी की लीला

## घरोंदे बनाने से पूरी होती है घर की मन्नत, नि:संतान को मिलता है घर का चिराग

**मंदसौर, 31 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** भारतीय संस्कृति, धार्मिक स्थलों और गौरवमयी इतिहास की त्रिवेणी माने जाने वाले मन्दसौर में जीवनदायिनी माँ शिवना के तट पर स्थित अतिप्राचीन खिड़की माताजी का मंदिर पौराणिक महत्व, अभूतपूर्व इतिहास और चमत्कारिक दर्शनों को लेकर एक विशेष स्थान रखता है। खिड़की माताजी की लीला न केवल चमत्कारिक बल्कि अपरम्पार भी है।



माताजी के दरबार में करीब 4 पीढ़ी से सेवा-पूजा कर रहे परिवार के प्रतिनिधियों पंड्तिगण कैलाशजी, दुर्गाशंकरजी, रमेशजी व सुरेशजी परमार के मुताबिक खिड़की माताजी की चमत्कारिक प्रतिमा करीब 350 वर्ष पूर्व मंदिर के समीप ही शिवना तट पर एक बरगद के पेड़ के नीचे प्रकट हुई थी। प्राकट्य के बाद से ही माताजी का आशीर्वाद और चमत्कार देखने लायक रहा। लोगों का हर कष्टहरने वाली खिड़की माताजी के मन्दिर में न केवल रोगों से मुक्ति मिलती है बल्कि मंदिर परिक्षेत्र में घरोंदा भर बनाकर मन्नत मांगने से भक्तों के मकान की मन्नत भी पूरी हो जाती है। इतना ही नहीं नि:संतान दम्पत्ति व परिवार पर भी माता का आशीर्वाद बरसता है और संतान की प्राप्ति होती है। बताया जाता है कि, मन्नत पूरी होने पर भक्त यहां माता के दरबार में खीर, पुड़ी व हलवे की प्रसादी का भोग लगाकर धन्यवाद भी ज्ञापित करते है।

**नवरात्रा में उमड़ता है श्रद्धा का सैलाब–** वैसे तो खिड़की माता के दरबार में भक्त अपनी मनोकामना लेकर पहुंचते ही है लेकिन नवरात्रा में यहां का महत्व और अधिक बढ़ जाता है। चौत्र और शारदेय नवरात्रा में माता के दरबार में न केवल विविध आयोजन होते है बल्कि भक्तों का सैलाब भी जमकर उमड़ता है। मन्दसौर से लेकर मालवांचल और सीमावर्ती राज्यों से लेकर दूर-दराज तक के लोग यहां पहुंचते है और घरोंदे बनाकर अपनी मन्नत माता के दरबार में करते है। शीतला सप्तमी पर्व पर नगरपालिका और मंदिर प्रबंध समिति के तत्वावधान में लगने वाला मेला आकर्षण का केन्द्र रहता है।

**जारी है माताजी के दरबार का कायाकल्प–** वर्षों पुराने अति प्राचीन धार्मिक स्थलों में शुमार श्री खिड़कीमाता मंदिर के कायाकल्प को लेकर करीब 15 साल पहले श्री खिड़की माता मंदिर समिति और जनप्रतिनिधियों ने पहल की जो निरंतर जारी है। इन सालों में धोलपुर के लाल पत्थरों से मंदिर पूरी तरह सजकर तैयार हो गया। माताजी के दरबार में भक्तों के लिये आवश्यक सुविधाएं तैनात है। इतना ही नहीं 23 सितम्बर 2009 से शुरू हुआ जीर्णोद्धार आज करीब-करीब पूरा हो गया है। मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम ने भी खिड़की माता मंदिर के पौराणिक महत्व और भक्तों की आस्था को देखते हुए यहां दर्शनार्थियों के लिये 30 लाख रूपये की लागत से विश्राम शेड सहित अन्य निर्माण कार्यों को पूर्ण करवाया है। इसके अलावा सांसद सुधीर गुप्ता, राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, पूर्व विधायक यशपालसिंह सिसौदिया, पूर्व नपाध्यक्ष स्व. प्रहलाद बंधवार, नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर, समाजसेवी कोमल बाफना व मोहनलाल चौधरी (चम्बल रेडियों) सहित जनप्रतिनिधियों ने भी विभिन्न माध्यमों से मंदिर के विकास में अपना हरसंभव योगदान दिया है। आज पर्यटन के मानचित्र पर खिड़की माता मंदिर एक दर्शनीय स्थल के रूप में विकसित होता दिखाई दे रहा है। माताजी के दरबार में हर वर्ग पूरी श्रद्धा से विकास के लिये आहूति के लिये कटिबद्ध दिखाई देता है।



### सुलभ हुआ माता के दरबार में पहुंचना

सालों पहले खिड़की माता मंदिर तक पहुंचने के लिये भक्तों को भारी तपस्या करना पड़ती थी। पथरीले और जंगल भरे इलाकों से गुजरकर भक्त यहां पहुंचते थे लेकिन विकास के दौर में अब माताजी के मंदिर तक पहुंचना पूरी तरह सहज व सुलभ हो गया है। मंदिर समिति और जनप्रतिनिधियों के संयुक्त प्रयासों से मंदसौर बायपास से सीधे मन्दिर तक न केवल पक्का रोड़ बन गया है बल्कि जगमगाती लाईटे देखकर ही विकास का अंदाजा लग जाता है।

**राहुल सोनी (माहेश्वरी)**


### कार्यालय उप संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश जिला कार्यालय नीमच (म.प्र.)

क्रमांक MDRLP18032454013/दिनांक/25/MAR/2024

क्र./1353 दिनांक 25/MAR/2024

**म.प्र. नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 की धारा 29 (3) सहपठित म.प्र. भूमि विकास नियम, 2012 के नियम 14(3) के अधीन दी गई अनुज्ञा में उपातंरण की दशा में आपत्तियों आमंत्रित करने हेतु**

जनसामान्य की जानकारी हेतु एतद् द्वारा यह अधिसूचित किया जाता हैं कि श्री/श्रीमती/मेसर्स (PRADEEP KUMAR GANEDIWAL)--1.SMT.INDRA W/O PRADEEP KUMAR GANEDIWALA 2.PRADUMN KUMAR S/O RANCHHOR PRASAD GANEDIWALA द्वारा नीचे दिये गये अभिन्यास में उपांतरण हेतु आवेदन किया है:-

**(क) परियोजना का नाम:**- REVISE AGRESEN ENCLAVE 1

**(ख) अवस्थिति (अवस्थिति/ग्राम का नाम एवं खसरा क्रमांक)**- पूर्व स्वीकृत ग्राम Kasba mandsaur तहसील Mandsaur Nagar व जिला Mandsaur की भूमि सर्वे क्रमांक / खसरा क्रमांक 491/2, 492/2, 493/2, 497, 499, 500/1, 500/2, 502, 503/1, 504/1, 508/2, 509/2, 514/2, 515/2 कुल रकबा 1.8 हेक्टेयर भूमि पर RESIDENTIAL, RESIDENTIAL LAYOUT विकास हेतु अनुमोदित अभिन्यास में संशोधित अभिन्यास का अनुमोदन चाहा गया है।

**(ग) विकास का प्रयोजन:**-RESIDENTIAL, RESIDENTIAL LAYOUT

**(घ) स्वीकृति क्रमांक** MDRLP140723239 दिनांक 2023-08-12

पूर्व स्वीकृत अभिन्यास में यदि उपांतरण किया जाता हैं, तो उससे परियोजना से जुड़े व्यक्ति / संस्था के हित प्रभावित होने की संभावना है। कोई भी हितबद्ध व्यक्ति, उपांतरणों से संबंधित अपनी आपत्ति या सुझाव, इस सूचना के प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में अथवा https://dtcp.mp.gov.in/alpass/Web/Objection.aspx?RefApp-vBbPpd4J8X पर प्रस्तुत कर सकेगा। पूर्व स्वीकृतं अभिन्यास के ब्यौर तथा प्रस्तावित उपांतरित अभिन्यास का निरीक्षण हितबद्ध व्यक्ति द्वारा, उपरोक्त कार्यालय में कार्यालयीन समय के दौरान अथवा website https://dtcp.mp.gov.in/alpass/Web/uLogin.aspx पर किया जा सकता है।

**उप संचालक**
**नगर तथा ग्राम निवेश जिला नीमच (म.प्र.)**

### कार्यालय उप संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश जिला कार्यालय नीमच (म.प्र.)

क्रमांक MDRLP19032408028/ दिनांक / 28/MAR/2024

क्र./1360 दिनांक 28/MAR/2024

**म.प्र. नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 की धारा 29 (3) सहपठित म.प्र. भूमि विकास नियम, 2012 के नियम 14(3) के अधीन दी गई अनुज्ञा में उपातंरण की दशा में आपत्तियां आमंत्रित करने हेतु**

जनसामान्य की जानकारी हेतु एतद द्वारा यह अधिसूचित किया जाता हैं कि श्री/श्रीमती/मेसर्स (PRADEEP KUMAR GANEDIWAL)-1.PRADEEP KUMAR GANEDIWAL 2.-M/S MID INDIA SPANNING LIMITIED द्वारा नीचे दिये गये अभिन्यास में उपांतरण हेतु आवेदन किया है:

**(क) परियोजना का नाम:** REVISE AGRESEN ENCLAVE 2

**(ख) अवस्थिति (अवस्थिति/ग्राम का नाम एवं खसरा क्रमांक):**- पूर्व स्वीकृत ग्राम Kasba mandsaur तहसील Mandsaur Nagar व जिला Mandsaur की भूमि सर्वे क्रमांक / खसरा क्रमांक 503/2 कुल रकबा 1.63 हेक्टेयर भूमि पर RESIDENTIAL, RESIDENTIAL LAYOUT विकास हेतु अनुमोदित अभिन्यास में संशोधित अभिन्यास का अनुमोदन चाहा गया है।

**(ग) विकास का प्रयोजन:**- RESIDENTIAL, RESIDENTIAL LAYOUT

**(प) स्वीकृति क्रमांक** MDRLP150723252 दिनांक 2023-08-12

पूर्व स्वीकृत अभिन्यास में यदि उपांतरण किया जाता हैं, तो उससे परियोजना से जुड़े व्यक्ति/संस्था के हित प्रभावित होने की संभावना है। कोई भी हितबद्ध व्यक्ति, उपांतरणों से संबंधित अपनी आपत्ति या सुझाव, इस सूचना के प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में अथवा https://dtcp.mp.gov.in/alpass/Web/Objection.aspx?RefApp-f6L0Zzn42H पर प्रस्तुत कर सकेगा। पूर्व स्वीकृत अभिन्यास के ब्यौरे तथा प्रस्तावित उपांतरित अभिन्यास का निरीक्षण हितबद्ध व्यक्ति द्वारा, उपरोक्त कार्यालय में कार्यालयीन समय के दौरान अथवा website https://dtcp.mp.gov.in/alpass/Web/uLogin.aspx पर किया जा सकता है।

**उप संचालक**
**नगर तथा ग्राम निवेश जिला नीमच (म.प्र.)**





## उज्जैन में कालभैरव मंदिर के बाहर फूल-प्रसाद बेचने वालों ने...

# श्रद्धालुओं को पीटा, अवैध गुमटियों पर चला बुलडोजर

**उज्जैन, 31 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** कालभैरव मंदिर के बाहर रविवार को मुंबई से आए श्रद्धालुओं के साथ फूल-प्रसाद बेचने वालों ने जमकर मारपीट कर उनका सिर फोड़ दिया। नाबालिग किशोर व किशोरियों को भी पीटा और उनके कपडे तक फाड दिए। दो श्रद्धालुओं को जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। मामले में पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ गंभीर धारा में केस दर्ज किया है। वहीं, प्रशासन ने दोपहर बाद अवैध रूप से लगी गुमटियों व फूल प्रसाद बेच रहे लोगों को वहां से हटा दिया। बता दें कि फूल-प्रसाद बेचने वाले आए दिन श्रद्धालुओं से अभद्रता करते हैं।

भैरवगढ़ पुलिस ने बताया कि एडवोकेट अमरदीप पुत्र रमेश भट्टाचार्य उम्र 46 वर्ष निवासी मुंबई पत्नी शैलजा, भाई ऋषिकेश, भाभी अनुपमा व बच्चे जीत, युवराज, नेत्रा, स्विता के साथ उज्जैन दर्शन करने के लिए आए थे। वे रविवार सुबह भस्म आरती के पश्चात सपरिवार कालभैरव के दर्शन करने मैजिक वाहन चालक कमल कुमार के साथ गए थे। जहां पार्किंग में वाहन रखकर सभी ने प्रसाद खरीदा और दर्शन करने चले गए। अमरदीप के वापस लौटने पर फूल-प्रसाद बेचने वाला राजा मालवीय व उसके साथी कमल कुमार से विवाद करने लगे कि उन्होंने राजा से फूल-प्रसाद क्यों नहीं लिया। इसके एवज में 200 रुपये की मांग करने लगे। अमरदीप व उसके भाई ने बीचबचाव कर रुपये देने से इंकार किया तो राजा व उसके साथी अभद्रता करने लगे और उन्हें घेर लिया। राजा व उसके साथियों ने अमरदीप, ऋषिकेश व नाबलिग बच्चों के साथ मारपीट की। आरोपितों ने दोनों भाइयों के सिर पर लोहे की राड मार दी, जिससे सिर में गंभीर चोट लगी है। उपचार के लिए उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। एसपी प्रदीप शर्मा का कहना है कि आरोपित राजा मालवीय व उसके साथ साथियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। वहीं कलेक्टर नीरज सिंह को भी इस संबंध में सूचना दी गई है कि काल भैरव मंदिर क्षेत्र में अवैध दुकान संचालित करने वालों के खिलाफ कार्रवाई के लिए राजस्व की टीम को भेजा जाए।

**आए दिन श्रद्धालुओं से करते हैं अभद्रता**–फूल-प्रसाद बेचने वाले अवैध रूप से मदिरा का भी विक्रय करते हैं। आए दिन श्रद्धालुओं से पार्किंग व प्रसाद लेने को विवाद करते रहते हैं। साथ ही उनकी दुकान से प्रसाद लेने के लिए दबाव भी बनाते हैं। कई बार तो श्रद्धालु के वाहन से उतरते ही पकड़कर अपनी दुकान पर लेकर चले जाते हैं। श्रद्धालु के मना करने पर अभ्रदता व मारपीट पर उतारू हो जाते हैं। पुलिस भी इन पर कोई कार्रवाई नहीं करती है। मंदिर के बाहर ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी केवल मूकदर्शक बनकर खडे रहते हैं।

**जेसीबी से हटाई अवैध गुमटियां**– कालभैरव मंदिर में रविवार को हुए घटनाक्रम के बाद प्रशासन हरकत में आया। दोपहर बाद नगर निगम व प्रशासन की टीम ने मंदिर के बाहर अवैध रूप से हार फूल बेच रहे लोगों पर कार्रवाई की। जेसीबी की मदद से अवैध गुमटियों को हटा दिया गया। कार्रवाई के दौरान प्रशासनिक अधिकारी व भारी संख्या में पुलिस बल तैनात था।

**धर्मधानी की छवि हो रही धूमिल**– धर्मधानी उज्जैन में प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु देश विदेश से भगवान महाकालेश्वर, मां हरसिद्धि, मंगलनाथ, कालभैरव सहित अन्य मंदिरों के दर्शन करने पहुंचते हैं। प्रदेश सरकार सुलभ दर्शन व तीर्थयात्रियों की सुविधाओं को और बढ़ाने में लगी है। हर संभव जतन किए जा रहे हैं लेकिन श्रद्धालुओं से मारपीट के कारण उज्जैन की छवि धूमिल हो रही है। तीन दिन पूर्व भी महाकालेश्वर मंदिर में सुरक्षाकर्मियों ने श्रद्धालु से मारपीट की थी। इसके पूर्व भी महाकालेश्वर मंदिर में सुरक्षार्मियों द्वारा श्रद्धालुओं से अभ्रदता की शिकायतें मिल चुकी हैं।

# आइसीएआई मंदसौर शाखा का होली मिलन समारोह सम्पन्न



**मंदसौर, 31 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** द इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट ऑफ इंडिया के सेंट्रल रीजन की मंदसौर जिला शाखा द्वारा रंगपंचमी पर्व पर चार्टड अकाउंटेंट परिवार का होली मिलन समारोह आयोजित किया।

कार्यक्रम में मन्दसौर ब्रांच के अध्यक्ष सीए दिनेश जैन ने सभी होली पर्व की शुभकामनाएं देते हुए यह त्योहार आपसी भाई चारे का त्योहार है, हम अपने व्यवसाय के माध्यम से समाज के लोगों का स्वभाव से कार्य करते रहे तथा देश के आर्थिक उन्नति में अपना योगदान दे। इस अवसर पर गेम्स प्रीति जैन एवं हिमानी मेहता ने करवाये जिसका सभी ने आनंद लिया। सभी ने एक दूसरे को रंग लगाकर होली पर्व की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष सीए नयन जैन, मैनेजिंग कमेटी सदस्य सीए अर्पित नागदा सीए अर्पित मेहता,, सीए रोहन सोमानी, सीए आयुष जैन, सीए राजेश जैन, सीए योगेन्द्र जैन, सीए जय विजयवर्गीय, सीए विशाल भारमाया, सीए गौरव जैन, सीए विनय अग्रवाल, सीए प्रतीक डोसी, सीए अंकुश जैन, सीए चेतन गुप्ता, सीए सिद्धार्थ मेहता, सीए आशीष जैन, सीए आशीष जैन (टारगेट), सीए महेश खत्री, सीए हितेश नाहर, सीए मोहित जैन, सीए सुशील जैसवानी, सीए विश्वास श्रीमाल, सीए अंकित श्रीमाल, सीए यश जबरशाह, सीए नितिन देवनानी, सीए प्राजवी जैन, सीए आंचल भिंडा, सीए रितु मूलचंदानी आदि उपस्थित रहे। अंत में आभार कोषाध्यक्ष सीए नयन जैन ने माना।उपरोक्त जानकारी सचिव सीए विकास भण्डारी व वाइस चेयरमैन सीए राजेश मंडवारिया ने दी।

# जमकर बरसा रंग और खूब उड़ा गुलाल





## सामाजिक समरसता मंच के नेतृत्व में निकली विशाल गैर

**मंदसौर, 31 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** हर साल की तरह इस साल भी हमारे शहर मंदसौर में रंग पंचमी का पर्व समरसता गैर के रूप में मनाया गया पूरे नगर में हर जगह रंग और गुलाल बिखरा नजर आया।

इस बार एक बैंडबाजा चार शंकर 6 डीजे, 11 ढोल, 12 ताशे ताशे के साथ-साथ मंदिर के घंटी घड़ियाल वादन के साथ श्री बड़े बालाजी मंदिर पर हजारों लोगों की उपस्थिति में संत समाज और नपा अध्यक्ष श्रीमती रामादेवी बंशीलाल गुर्जर ने महाआरती कर समरसता गैर का शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर ने बताया कि रंगों का यह उत्सव और उपस्थित जनता का उत्साह देखकर मैं अभिभूत हूं मैं हर्ष और गर्व का अनुभव कर रही हूं आज इतनी बड़ी संख्या में सनातन प्रेमी रंग पंचमी के पर्व को धूमधाम से मनाने के लिए यहां एकत्रित हुए हैं। यह हमारा अपना शहर है और त्योहार इसकी सुंदरता में और नपा स्वच्छता टीम साफ सफाई का भी पूरा ध्यान रखेगी। आप किसी भी बात की चिंता ना करें त्योहार जी भर कर मनाएं। इस अवसर पर लता मंगेशकर संगीत महाविद्यालय के जन भागीदारी के अध्यक्ष नरेंद्र त्रिवेदी, गीतकार और गायक नंदकिशोर राठौर, योगेश गोविंदानी, राजकुमार अग्रवाल आदि कलाकारों ने भी फाग गीतों की प्रस्तुति देकर उपस्थित लोगों की खूब दाद बटोरी। इस अवसर पर युवा कवि ध्रुव ने भी अपनी होली की रचनाओं का पाठ किया जिसे सराहा गया। सुबह से ही शहर की हर गली और चौराहे से मोहल्लों से रंग और गुलाल की थैलियां लेकर गैर में शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में लोग पुराने बस स्टैंड के लिए निकल पड़े थे रास्ते में जो भी मिलता उसे प्यार से रंग लगा देते हैं।

गैर जिन-जिन रास्तों से भी होकर गुजरी लोगों ने अपने घरों के खिडकी दरवाजों से खूब रंग और गुलाल बरसाया। पहली बार इतनी बडी संख्या में युवा साथियों को गैर में देखकर लोग यह कहने वालों की इस गैर का समय और रास्ता दोनों बढ़ाया जाना चाहिए। साथ ही नगर के हर गली चौराहे पर छोटे-छोटे बच्चों के साथ मातृशक्ति भी बडी संख्या में उपस्थित होकर होली के त्योहार का आनंद ले रही थी। इस अवसर पर मंदसौर विधायक विपिन जैन, हिम्मत लोढ़ा, पंडित दिलीप शर्मा, निर्विकार रातडिया, शरद धींग दृष्टानंद नेनवानी, अशोक सोनी, कृष्णचंद्र चीचानी, सत्य प्रकाश गर्ग, नरेश परमार, वासुदेव सेवानी, सुरेंद्र नलवाया, पुष्कर शर्मा, बृजेश सेन मारोठिया, वरिष्ठपत्रकार नरेंद्र अग्रवाल, कोमल सिंह तोमर, संजय वर्मा संहित बडी संख्या में नगर के गणमान्य नागरिक एवं युवा साथी उपस्थित थे। संयुक्त माली समाज मंदसौर द्वारा समाज संरक्षक श्री फकीरचंद सैनी दया मंदिर, बाबूलाल राठौड, सुरेश परमार, निरंजन चंदेल, कैलाश माली, मोहनलाल दायमा, लक्ष्मीनारायण माली के सहयोग से चार स्थानों पर गैर पर फूलों की वर्षा की गई इस गैर में स्वर्णकार समाज, सेन समाज, माली समाज के साथ-साथ अहिरवार समाज एवं वाल्मीकि समाज सहित अनेकों संस्थाओं ने भी सम्मिलित हुईं। कार्यक्रम के सफल होने पर सत्यनारायण सोमानी, हेमंत बुलचंदानी ने कार्यक्रम में जलपान एवं स्वल्पाहार करने वाली सामाजिक संस्थाओं का आभार माना। कार्यक्रम का संचालन प्रदीप भाटी ने किया एवं शासन प्रशासन एवं नगर पालिका का आभार अमरजीत सिंह चावला टीटू वीर जी ने माना।

# योग केन्द्र पर खुशनुमा माहौल में मना रंगपंचमी पर्व



**मंदसौर, 31 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** नगर में रंगपंचमी पर्व की खुशनुमा शुरूआत प्रात:काल नूतन स्टेडियम स्थित दशपुर योग शिक्षा संस्थान के योग भवन से हुई। यहां पर गुलाल के रंग में योग साधकों के साथ सांसद श्री सुधीर गुप्ता व योग गुरू सुरेन्द्र जैन ने ठहाके लगाये और ढोल की थाप पर नृत्य कर खूब सतरंगी रंग बिखेरे।

प्रारंभ में प्रात: 7.30 बजे गायत्री मंत्र व ऊँ की गुंजन के साथ साधकों व अतिथियों ने सूक्ष्म क्रिया की। इस अवसर पर सम्मिलित हुए सांसद सुधीर गुप्ता ने कहा कि होली पर्व आपसी कटुता और बेर को मिटाने का पर्व है। उत्सवों से जीवन में सकारात्मकता पैदा होती है। आपने कहा कि इस योग केन्द्र पर आने पर पारिवारिक माहौल मिलता है, यहां गुरू व साधक एकजूट होकर नगर में योग के प्रति अलख जगाये हुए है। योग गुरू सुरेन्द्र जैन ने कहा कि योग और रंग दोनों का मतलब है जोड़े रखना। योग का मतलब जहां जोड़ना होता है वहीं होली का रंग हमें जहां एक-दूसरे से जुड़ने की प्रेरणा देता है। स्वागत उद्बोधन देते हुए संस्था अध्यक्ष दिनेश जैन सीए ने कहा कि हम खुल के जिये और परम्परानुसार इस पर्व को धूमधाम से मनाये। प्रेमेन्द्र चौरड़िया, ज्योति चौरड़िया, विजय अग्निहोत्री, अनिता मारू ने हास्य व्यंग प्रस्तुत किये। कार्यक्रम में सभी ने एक-दूसरे को रंगबिरंगी गुलाल लगाकर पर्व की शुभकामनाएं दी। ढोल की थाप पर सभी साधकों ने खुब नृत्य किया। इस अवसर पर सोरभ जैन, प्रीति जैन, जितेश फरक्या, विजय पलोड, जी.डी. मित्तल, धरमदास संगतानी, कृष्णा पाटीदार, मिलिंद जिल्हेवार, रमेश खत्री, राजेन्द्र चाष्टा, अनिल कोठारी, चंदा चाष्टा, राहुल चाष्टा, प्रकाश हिरानी, आनन्द कर्म, बंशीलाल, महेश सेठिया, लालुप्रसाद चंचोसिया, सुभाष पाटीदार, दिनेश पारिख, करिश्मा गोखलानी, प्रियंका मिण्डा, सीमा गर्ग, आनंद कश्यप, शोंकी कश्यप सहित अनेक साधक उपस्थित थे।

## हनुमान जन्मोत्सव का छह दिवसीय आयोजन

**नीमच, 31 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** श्री गोधाम बालाजी मंदिर सीआरपीएफ केंद्रीय विद्यालय के समीप पर हनुमान जन्मोत्सव का भव्य छह दिवसीय आयोजन विश्व हिंदू परिषद व सर्व समाज जनों द्वारा 18 अप्रैल से 23 अप्रेल तक किया जाएगा। जानकारी देते हुए विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री कैलाश मालवीय ने बताया कि 30 मार्च शनिवार को एक भव्य बैठक का आयोजन श्री गोधाम बालाजी मंदिर परिसर विश्व हिंदू परिषद कार्यालय भवन पर आयोजित की गई जिसमें बड़ी संख्या में सर्व समाज के गणमान्य जन मौजूद रहे, सभी से सहमती लेते हुए हनुमान जन्मोत्सव का छह दिवसीय भव्य आयोजन करने का संकल्प लिया गया।

विश्व हिंदू परिषद जिला अध्यक्ष शैलेंद्र गर्ग के आव्हान पर आयोजित हुई इस बैठक में तय किया गया कि 18 अप्रैल 2024 को भव्य धर्म ध्वजा एवम पोथी यात्रा निकाली जाएगी जो कि बड़े बालाजी से 3:00 बजे प्रारंभ होकर नया बाजार श्री राम चौक जाजू बिल्डिंग बावड़ी वाले बालाजी चौकन्ना बालाजी पुरानी नगर पालिका से होते हुए धर्म ध्वजा यात्रा गोधाम बालाजी मंदिर केंद्रीय विद्यालय के समीप पूर्ण होगी। धर्म ध्वजा यात्रा में रामायण के पात्र का अभिनय करते हुए बच्चे व संतगण शामिल होंगे जिन्हें बैंड ढोल और बग्गी से लाया जाएगा।

# सीतामऊ सुवासरा, धतुरिया में संवाद कार्यक्रम संपन्न



**मंदसौर/नीमच, 31 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिना रूके, बिना थके, बिना किसी भेदभाव के सबका साथ सबका विकास के तहत कार्य किए है। सबका विश्वास जीतकर ही वे आगे बढ़ रहे है इसलिए पूरा देश आज कह रहा है कि मै हॅू मोदी का परिवार। उक्त बात उक्त बात सांसद सुधीर गुप्ता ने सीतामउ व सुवासरा में आयोजित मैं हॅू मोदी का परिवार कार्यक्रम के दौरान कही। इसी के साथ उन्होने धतुरिया में कार्यकर्ताओं व गणमान्य नागरिकों से भेंट की।

रविवार को सांसद गुप्ता ने सर्वप्रथम मंदसौर नगर सिद्धि विनायक गणेश मंदिर पर आयोजित महाप्रसादी में उपस्थित होकर धर्मलाभ लिया। इसके बाद ग्राम धतुरिया में परम पूज्य गुरुजी श्री भीमाशंकर जी शास्त्री के मुखारविंद से आयोजित श्रीमद भागवत कथा के श्रवण कर आशीर्वाद प्राप्त किया। बाद में ग्राम धतुरिया में कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। इसके पश्चात सीतामउ व सुवासरा नगर में मै हॅु मोदी परिवार कार्यक्रम अंतर्गत वरिष्ठ जनों से भेंट कर विभिन्न विषयों पर चर्चा की। सांसद गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपना पूरा जीवन देश को समर्पित कर दिया। मोदी ने पूरे देश वासियों को अपने परिवार का मानकार गरीब कल्याण की कई योजनाएं देश में चलाई जिसका लाभ हर क्षेत्र व हर वर्ग के नागरिकों को मिला। इसलिए पूरा देश एक स्वर में कह रहा है मैं हॅू मोदी का परिवार। उन्होने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता प्रधानमंत्री द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाए। कार्यक्रम में सुवासरा पुर्व विधायक राधेश्याम पाटीदार, विधानसभा संयोजक जितेंद्रसिंह कोटडमाता, मंडल अध्यक्ष नेपालसिंह, वरिष्ठनेता गोपाल काला, नप अध्यक्ष श्रीमती सविता परिहार एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# उपमुख्यमंत्री की विधानसभा क्षेत्र मल्हारगढ़ में चार दिन में दूसरी हत्या, अपराधियों के हौसले बुलंद-मालेचा

**मल्हारगढ़, 31 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** उप मुख्यमंत्री की विधानसभा के रायसिंहपिपलिया में शांतिलाल गहलोत की बदमाशों ने पत्थर भड़क कर हत्या कर दी।शरीर पर कई घाव के निशानऔर नाक,कान,मुह से भी खून निकल रहा था।ग्रामीणों की सूचना पर कांग्रेस नेता विजेश मालेचा ने मौके पर पहुँच कर प्रशासनिक अधिकारियों से बात कर डेडबॉडी का पीएम पैनल से कराने की मांग करी। व अपराधियो को शीघ्र पकड़े पुलिस। प्रशासन के आश्वासन के बाद डेडबॉडी नाहरगढ़ पीएम के लिए ले जाई गयी। वहां पर पैनल के द्वारा पीएम किया गया। लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण बात यह है कि पीएम के बाद डॉ जगदीश गहलोद ने परिजनों से कहा कि हो सकता है अटेक से मृत्यु हुई है। यह बात सुनकर परिजन आक्रोशित हो गए यह बात गांव तक पहुँची तो सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणजन नाहरगढ़ शासकीय अस्पताल पर एकत्रित हो गए।यह बात किसी के गले नही उतरी की शरीर पर इतने गांव व खून बहने के बाद डॉ अटेक की क्यो बोल रहा है।परिजनों ने प्रशासन पर मिलीभगत के आरोप भी लगाये। कांग्रेस नेता विजेश मालेचा पुन: नाहरगढ़ पहुँचे और ग्रामीणों के साथ



प्राथमिक चिकित्सालय का घेराव किया। डॉ जगदीश गहलोत ने फिर सभी के सामने सार्वजनिक तौर पर माफी मांग कर कहां की ।मेने गलती से यह बात बोल दी है। ऐसा नहीं है जो भी रिपोर्ट आगे से आएगी वही सर्वमान्य होगी।उसके बाद परिजन और ग्रामीणजन शांत हुए और डेड बॉडी गांव ले गये। मालेचा ने आरोप लगाया कि प्राथमिक चिकित्सालय के डॉक्टर हार्टअटैक बता रहे है तो पुलिस चोट के निशान।मालेचा ने कहा कि पूरे घटनाक्रम की बिना दबाव के निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाय। इस मौके पर मंगलेश सूर्यवंशी,रायसिंह पिपलिया सरपंच दिनेश गहलोत, सुरेश सूर्यवंशी, लाला राठौर, पारस राठौर, सहित सैकड़ों ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## ✻ उठावना ✻



हमारी पूज्य माताजी, पुरुषोत्तमजी की बहू, स्व.कैलाशचंद्रजी, मुकेश व नरेन्द्र शुक्ला एवं विष्णु तुगनावत की भाभीजी, नितिन (बंटी), अमित (मोनू) की बड़ी मम्मी, हर्ष, मुस्कान, उत्कर्ष, अक्षत, अवनी, रक्षित व रुक्षिता की दादीजी श्रीमती पुष्पादेवी शुक्ला धर्मपत्नी स्व. श्री गोपालकृष्णजी शुक्ला का देवलोकगमन दिनांक 30 मार्च 2024, शनिवार को हो गया है। जिनका उठावना 01 अप्रेल 2024, सोमवार को प्रात: 11.30 बजे जगदीश विलास, जगदीश मंदिर के पास, जीवागंज, मन्दसौर पर रखा गया है।

**✻✻✻ शोकाकुल ✻✻✻**
**संजीव, राजीव (राजू) व शैलेष (शैलू) शुक्ला एवं शुक्ला परिवार, मन्दसौर , विष्णुप्रसाद, गोविन्द , निरंजन तुगनावत एवं तुगनावत परिवार, मन्दसौर**

## वाल्मीकि समाज के प्रतिनिधिमंडल ने मनाया रंगपंचमी पर्व

**मंदसौर, 31 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** वाल्मीकि समाज मंदसौर के प्रतिनिधि मण्डल द्वारा अ.भा. वाल्मीकि महापंचायत के प्रदेश अध्यक्ष पटेल मुकेश चनाल के नेतृत्व में कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव के निवास पर पहुंचकर रंगपंचमी पर्व मनाया। इस दौरान अनेक प्रशासनिक अधिकारीगण एवं गणमान्य नागरिक भी उपस्थित थे। अ.भा. वाल्मीकि महापंचायत के प्रदेश अध्यक्ष पटेल मुकेश चनाल ने कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव को मंदसौर जिले के वाल्मीकि समाज के बारे में जानकारी दी तथा बताया कि यहां का वाल्मीकि समाज बहुत परिश्रमी समाज है। तथा वाल्मीकि समाज द्वारा हर त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। इस पर कलेक्टर ने प्रसन्नता जाहिर की। श्री चनाल ने सभी को गुलाल लगाकर रंगपंचमी पर्व पर शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर वाल्मीकि समाज के वरिष्ठ घीसालाल केसरिया, बसंत परमार, दिलीप बागड़िया, भोपेश घारू, विष्णु मकवाना, महेश मकवाना, विक्की तंवर, प्रीतम सरसिया, शैलेन्द्र डागर, विनोद छपरी, महेन्द्र तंवर, सहित अनेक समाजजन उपस्थित थे।



## मतदाताओं को दिलाई जा रही शपथ

**मंदसौर, 31 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** जिले में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए शपथ दिलाई जा रही हैं। ''हम, भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतान्त्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे । तरह तरह की गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। यह गतिविधि हाट बाजार, मेलो, चौराहों पर की जा रही है। साथ मतदान केंद्रों पर जाकर ईवीएम को चलाना, मतदान का महत्व, लोकतंत्र का महत्व आदि के बारे में मतदाताओं को बताया जा रहा है। जिससे मतदाताओं में जागरूकता उत्पन्न हो।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्िया एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in